जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965


साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 60 अंक-6 जयपुर, सोमवार, 12 फरवरी, 2024 वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) पृष्ठ संख्या 4

## जनहित के कार्यों में भ्रष्टाचार और लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त : मुख्यमंत्री




**पाली (हमारा वतन)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में लापरवाही और भ्रष्टाचार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है।

शर्मा सिरोही जिले में आबू रोड स्थित सेटेलाइट जनजातीय केन्द्र में पाली संभाग के उच्चाधिकारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी अपने दायित्वों की पालना सुनिश्चित करें ताकि आमजन का सरकार के प्रति विश्वास बना रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अपने कर्तव्य का निष्ठा से पालन करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रोत्साहित करेगी तथा कार्य में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से जनसुनवाई सुनिश्चित करने, परिवादों के त्वरित निस्तारण, उनकी मॉनिटरिंग करने तथा फीडबैक लेने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बिजली तथा पेयजल आपूर्ति की स्थिति, चिकित्सा सुविधाएं, जल जीवन मिशन की प्रगति, विकसित भारत संकल्प यात्रा, कानून-व्यवस्था तथा अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों की उच्च स्तरीय समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनसेवा को अपना ध्येय मानते हुए प्रदेश के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। इन प्रयासों को धरातल पर उतारने में प्रशासनिक अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे अपने आप को सौभाग्यशाली समझें कि उन्हें जनसेवा करने का अवसर मिला है।

### अधिकारी कार्यालयों का करें औचक निरीक्षण

शर्मा ने कहा कि उच्चाधिकारी अपने अधीनस्थ कार्यालयों का समय-समय पर औचक निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि फील्ड में नियमित रूप से दौरे कर केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का धरातल पर प्रभावी और त्वरित क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व संबंधित मामलों को भी जल्द सुलझा कर आमजन को राहत प्रदान करें। साथ ही, ऐसे लंबित मामलों की सूची बनाकर उनकी नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें।

### बिजली-पानी की सुचारू उपलब्धता हो सुनिश्चित

मुख्यमंत्री ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा की। साथ ही, सभी जिलों में आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल व्यवस्था की तैयारियां सुचारू रखने के संबंध में भी निर्देश दिए।

### जल जीवन मिशन के कार्यों में लाएं तेजी

मुख्यमंत्री ने पाली संभाग में जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर तय लक्ष्य को प्राप्त करने की मॉनिटरिंग करते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजना में व्यय होने वाले धन का पूर्ण सदुपयोग हो ताकि अधिकतम लोगों तक नल से जल का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।



## संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का हुआ शुभारम्भ

**जयपुर (हमारा वतन)।** ईटावा भोपजी ग्राम में संगीतमय श्रीमद भागवत् कथा का शुभारम्भ हुआ । इससे पूर्व मेजर रामसिंह के रावले में भागवत् कथा का शुभारंभ ज्वाला माता के मंदिर से दिव्य ज्योति लेकर कलश यात्रा निकाली गयी । कथा का वाचन आचार्य जय गोपाल शास्त्री के मुखारविंद से किया जा रहा है । कथा में चेतन दास महाराज फलाहारी बाबा का सानिध्य प्राप्त हुआ । प्रथम दिवस के प्रवचन में शास्त्री ने महात्म्य के माध्यम से बताया की कलिकाल के समस्त भव भय को हरने वाली हरी कि महिमा जिसके श्रवण से प्राणी समस्त चिंताओं से मुक्त होकर ईश्वरीय ध्यान से मुक्ति के द्वार चारभुजा नाथ के चरणों में स्थान प्राप्त कर लेता है । कथा के दौरान समस्त नाथावत परिवार एवं ग्रामवासी भक्तजन उपस्थित रहे ।

## आईसीएफएआई विश्व विद्यालय ने वृक्षमित्र डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी को किया सम्मानित



**देहरादून (हमारा वतन)।** मेरा पेड़-मेरा दोस्त (मेरा वृक्ष-मेरा मित्र) अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण, संवर्द्धन, वृहद पौधारोपण तथा पौधे उपहार में भेंट करने, जन्मदिन पर पौधे लगवाने व दूल्हा दुल्हन को शगुन में पौधे देने के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए राइका मरोड़ा टिहरी गढ़वाल में कार्यरत वृक्षमित्र डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी को आईसीएफएआई विश्वविद्यालय के उप कुलपति डॉ. राम करन सिंह, अध्यक्ष श्रीकांत पाथरी, रीजनल मैनेजर श्रीनिवास, ब्रांज मैनेजर श्रेष्टि रस्तोगी ने स्मृति चिन्ह व बैग देकर सम्मानित किया।

गौरतलब है कि डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी शिक्षक हैं और विगत तीस वर्षों से पर्यावरण बचाने के क्षेत्र में काम कर रहे हैं । डॉ. सोनी के द्वारा पौधे उपहार में भेंट करने, दूल्हा दुल्हन को शगुन में पौधे देने की शुरुआत भी की गई जिसका असर आज समाज में दिखाई दे रहा हैं । पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी ने अतिथियों को एक एक बद्रीनाथ के तुलसी का पौधा उपहार में भेंट किया। कार्यक्रम में हुकुम सिंह भंडारी, किरन सोनी, संजय अंथवाल, अनिल कुमार, बृजेश टम्टा आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## प्रोफेसर रमेश कुमार रावत को मिला लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक पुरस्कार



**चौमूं (हमारा वतन)।** सिक्किम प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार रमेश कुमार रावत को इंटीग्रेटेड सोसाइटी ऑफ मीडिया प्रोफेशनल्स की ओर से बाल गंगाधर तिलक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें यह पुरस्कार हरदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय जयपुर, राजस्थान के कुलपति और डॉ. भीमराव अंबेडकर विधि विश्वविद्यालय, जयपुर, राजस्थान के प्रभारी कुलपति प्रोफेसर सुधि राजीव और इंटीग्रेटेड सोसाइटी ऑफ मीडिया प्रोफेशनल्स राजस्थान चैप्टर की अध्यक्ष डॉ. पूजा सिंह से प्राप्त हुआ। इस पुरस्कार के साथ प्रोफेसर रावत को प्रशस्ति पत्र भी दिया गया। इस मौके पर उनकी पत्नी सविता देवी रावत भी मौजूद रहीं। इस अवसर पर सिक्किम प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार प्रोफेसर रमेश कुमार रावत और उनकी पत्नी सविता देवी रावत ने प्रोफेसर सुधि राजीव और डॉ. पूजा सिंह को सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट किया। प्रोफेसर सुधि राजीव ने सिक्किम प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, गंगटोक, सिक्किम के विकास के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रो. रमेश कुमार रावत ने यह भी बताया कि सिक्किम प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी भी नर्सिंग, जीएनएम, बी.एससी. पोस्ट बेसिक नर्सिंग, बी.फार्मा, डी. फार्मा, बीएमएलटी, डीएमएलटी, कानून, विभिन्न कला, नर्सिंग और संबद्ध और स्वास्थ्य विज्ञान पाठ्यक्रम सिक्किम प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी गंगटोक और बुडांग परिसरों द्वारा चल रहे हैं। यह भी एक रिकॉर्ड है कि प्रोफेसर रमेश कुमार रावत को पुस्तक लेखन, वृत्तचित्र फिल्मों और पत्रकारिता और जनसंपर्क के क्षेत्र में योगदान के लिए विभिन्न इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, पीआरएसआई पुरस्कार, पीआरसीआई पुरस्कार और कई अन्य पुरस्कार प्राप्त हुए।




## इनाया फाउंडेशन की सचिव नितिशा शर्मा के नेतृत्व में चलाया राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा कार्यक्रम

**जयपुर (हमारा वतन)।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह (दिनांक 15 जनवरी से 14 फरवरी 2024 तक) सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग, आर एच आई मैगनेसिटा और इनाया फाउंडेशन के सचिव नितिशा शर्मा के द्वारा 1033 (टोल फ्री नम्बर) पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है । 1033 पोस्टर का विमोचन ट्रांसपोर्ट कमिश्नर राजस्थान मनीषा अरोड़ा, जॉइंट कॉमिशनेट निधि सिंह सीनियर मेडिकल ऑफिसर स्टेट रोड सैफटी सेल ट्रांसपोर्ट, रोड़ सैफटी डिपार्टमेंट राजस्थान डॉ. डी एल पांडे, ARTO जयपुर धरमपाल अशिवाल ने किया ।

इसके तहत राजस्थान में अनेक हाईवे रोड एवं टोल नाको पर जाकर 1033 टोल फ्री नंबर की जानकारी दी जा रही है। यह नंबर हाईवे पर होने वाले एक्सीडेंट के समय इमरजेंसी नंबर दिया गया है जो कभी किसी भी इमरजेंसी में यह नंबर डायल करने पर सहायता प्रदान की जाती है ।

## श्री शिरडी साई मां दुर्गा मंदिर का सातवां विशाल वार्षिकोत्सव और भजन संध्या 16 को

**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं तहसील के गोविन्दगढ़ पंचायत समिति के अणतपुरा-चिमनपुरा स्थित टीबा धाम, श्री शिरडी साई मां दुर्गा मंदिर का सातवां विशाल वार्षिकोत्सव और भजन संध्या 16 फरवरी को आयोजित की जाएगी ।




कार्यक्रम आयोजक श्रीराम शर्मा और अमित शर्मा (बली) ने बताया कि शाम 7:15 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। दिल्ली के कलाकारों द्वारा मनोहर झांकियां निकाली जाएगी । भजन संध्या में जयपुर से ममता वाजपेयी, खेतड़ी से विजेंद्र भार्गव, नागौर से हरीश नागोरी, गोविन्दगढ़ से राजू सेन और कालाडेरा से गोकुल आनंद अपने मधुर भजनों से श्रोताओं को भाव विभोर करेंगे ।

# जिलाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी के नेतृत्व में हुआ डॉ.अनिता मिश्रा का सम्मान




**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं पधारी साध्वी डॉ. अनिता मिश्रा राष्ट्रीय अध्यक्ष, विश्व ब्राह्मण महासभा का ब्राह्मण समाज राजस्थान के जिलाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी एवं महासचिव बनवारी लाल शर्मा ने दुपट्टा, शॉल, साफा एवं भगवान राम दरबार की प्रतिमा भेंट कर सम्मान किया ।

इस दौरान समाज के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की तथा आगामी कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा तैयार की । साथ में डॉ. आर एस मानावत भी उपस्थित रहे।

# भगवान परशुराम धारावाहिक ने बदली कथाकार सन्नी मंडावरा की जिंदगी

**मुंबई (हमारा वतन)।** स्टार भारत चैनल पर हाल ही में शुरू हुए धारावाहिक 'भगवान परशुराम' के कथाकार सन्नी मंडावरा राजस्थान के उदयपुर के रहने वाले हैं । इन्होंने बताया कि इस धारावाहिक में भगवान विष्णु के छठे अंशावतार श्री परशुराम जी की जीवन यात्रा है तो राजस्थान उदयपुर में स्थित परशुराम महादेव मंदिर एवं फ़रारा महादेव मंदिर का ज़िक्र है भी है कि किस तरह इन दोनों मंदिर की उत्पत्ति हुई ।



अपने आध्यात्मिक लेखन के सफ़र के बारे में सन्नी मंडावरा बताते है कि जब से भगवान परशुराम जी की कथा लिखने का अध्याय शुरू हुआ अपने आप जीवन में बहुत से परिवर्तन हुए, जैसे की अपने आप सुबह जल्दी उठ कर पूजा कर के ही लिखने बैठते थे । रोज़ संध्या आरती में शामिल हो जाते थे । लिखते समय अपने ऑफ़िस में जूते बाहर उतार कर आते थे और सभी के लिए नियम लगा दिया कि कोई भी जूते पहन कर अंदर नहीं आएगा ।

सन्नी मंडावरा कहते है कि यह धारावाहिक लिखना अपने जीवन का सर्वोत्तम अनुभव है, जैसे भगवान परशुराम आकर एक-एक सीन अपने आप लिखवा रहे है ।

इस सात्विक धार्मिक यात्रा के बारे में पूछा तो बताते है कि भविष्य में दो तीन विषय पर काम कर रहे है जैसे भगवान 'विश्वकर्मा', 'रुकमणीजी और श्री कृष्ण' पर किसी ने बहुत गहराई में अभी तक कुछ ख़ास नहीं कहा तो इन विषय पर भी धारावाहिक बनायेंगे ताकि हमारे आराध्यदेव के बारे में आज की नई पीढ़ी को जानने समझने में आसानी हो ।

सन्नी मंडावरा को भगवान परशुराम पर धारावाहिक लिखने के कारण कई शहर में ब्राह्मण समाज ने उन्हें सम्मानित भी किया है ।



# श्री विजय मोटर्स ई-रिक्शा शोरूम का हुआ भव्य शुभारम्भ

**जयपुर (हमारा वतन)** । अब कम पैसे में भी आप अपना खुद का रोजगार कर सकते हैं ! जी हाँ अब आप E-ROJAR ई रिक्शा किस्तों पर खरीदकर अपना व्यवसाय चालू कर सकते हैं ।


विगत दिनों चौमूं तहसील के ग्राम बांसा कुशलपुरा स्थित मातृशक्ति रवि कॉम्प्लेक्स में श्री विजय मोटर्स के नाम से पूर्ण विधि विधान से पूजा अर्चना कर ई-रिक्शा शोरूम का भव्य शुभारम्भ हुआ । शोरूम में बेट्री से चलने वाले ई-रिक्शा पैसेंजर व लोडिंग ग्राहकों को हमेशा उपलब्ध रहेंगे ।

प्रोपराइटर विजय कुमार शर्मा ने बताया कि हमारे यहां पर प्रदूषण रहित ई-रिक्शा का विक्रय किया जाएगा, जो ग्राहकों को फाइनेंस पर भी उपलब्ध रहेगा ।

शुभारम्भ पर बाबूलाल शर्मा, पूर्व पार्षद कमल मिश्रा, भाजपा नेता गोपी राम बलेसरा, प्रभु टोडावता, रामेश्वर निठारवाल, रामेश्वर नेहरा, जनसेवक रविकांत शर्मा, रामदास निठारवाल सहित कई लोग मौजूद रहे ।

# एनटीटी भर्ती पूरी करवाने की मांग को लेकर शिक्षा मंत्री को दिया ज्ञापन

**जयपुर (हमारा वतन)।** प्रदेश महासचिव विष्णु शर्मा के नेतृत्व में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को सचिवालय में एनटीटी भर्ती पूरी करवाने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया । ज्ञापन में बताया कि वर्ष 2018 में राजस्थान कमर्चारी चयन बोर्ड ने 1350 पदों पर पूर्व प्राथमिक शिक्षा अध्यापक ( NTT ) का विज्ञापन जारी किया जिसमें NTSP में 1130 ओर TSP में 220 पद थे। 6 वर्ष का समय हो गया लेकिन आज दिनांक तक भर्ती प्रक्रिया पूरी नही हुई ।



अब तक NTSP में 906 ओर TSP में 18 पदों पर ही नियुक्ति दी गई शेष रिक्त पद NTSP में 224 हैं । रिक्त पदों पर सभी अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन करवाये जाने की मांग की जिससे पात्र अभ्यर्थियों को रोजगार का अवसर मिल सकें ।

अभ्यर्थी अनिल ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्री प्राइमरी कक्षाओ पर जोर दिया गया है। वर्तमान समय मे प्रदेश की करीब 1900 विद्यालयों में NTT अध्यापक अपनी सेवाएं दे रहें । इस पर शिक्षा मंत्री ने आश्वासन दिया की भर्ती जल्द पूरी करेंगे ।

## कोई बात नहीं

कोई बात नहीं,मन भर लेने दो
कोई क्या कह रहा
क्यों कह रहा कहने दो
इन्सान ही तो है मन भर लेने दो

तुम खुद पर ध्यान दो
और अपना काम चलने दो।
इन्हें लगोगे नजर अंदाज करने
तो पीछे रह जाओगे
बाद में पछताओगे
जब ठोकर खाओगे ।

ईर्ष्या, निंदा, करना ये सब
नियम है इंसान का
कोई बात नहीं जो
कहना चाहे कह लेने दो
पीठ पीछे चाहे बुराई कर लेने दो ।

कर्मों पर अड़े रहो
तुम बस आगे बढ़ते रहो
अच्छाई के पथ पर चलते रहो

बुरे इंसान की नजर में
बस भगवान की नजरों
में अच्छे बने रहो
हर परेशानी में मुस्कराते रहो
इंसान ना सही भगवान
तुम्हारे साथ है
इस बात को याद करते रहो ।



**पूजा गाड़िया लोहार, झालावाड़**

## बसंत आगमन

ऋतुराज बसंत के आगमन पर,
चहुंओर खुशहाली छा जाती है।
पतझड़ की सूखी डाली पर भी,
फिर से नव कोंपल आ जाती है।

हरियाली आलेपित होती धरा पर,
कोकिला कर्णप्रिय कूक सुनाती है।
कली महकती छोटे-बड़े तरुवर भी,
मधुप कली मुकुल पर मंडराती हैं।

छाया प्रकृति का मनमोहक नज़ारा,
हरेक प्राणी मन को उत्तम भाता है।
कलियों पर भ्रमर-तितली मंडराती,
परहित मधुप स्वादु शहद बनाती है।

घोर निशा के बीतने पर देखो,
ऊषा की लाली जग में छाती है।
हृदय संचित विश्वास सदैव तो,
निश्चित खुशियां हमें मुस्काती है।

नवसृजन है सार जीवन का,
यह सब जगत को समझाती है।
पतझड़ बहार का आना-जाना,
नव श्रृंगारित धरा हमें दर्शाती है।

**महेन्द्र सिंह कटारिया, नीमकाथाना, राजस्थान**





# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्व. सत्यनारायण को दी श्रद्धांजलि

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक सत्यनारायण के निधन पर श्रद्धांजलि दी। शर्मा ने अंबाबाड़ी स्थित आदर्श विद्या मन्दिर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पहुंचकर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। शर्मा ने दिवंगत आत्मा का स्मरण करते हुए कहा कि उनका जीवन जनसेवा को समर्पित रहा। राष्ट सेवा में उनके योगदान को सदैव याद रखा जाएगा।

## (गजल) हैं

असल सच यही है के हम बेहद तबाह हैं
ख्वाब में अतः अमीर हैं और बादशाह हैं

ख्वाब में दौलत बड़ी ही बेशुमार है
मुफलिसी के मोहब्बत की हम पहली चाह हैं

दौलत और शोहरत किस्मत अता करे
परेशान उमर भर हम खामखाह हैं

किस्मत मेहरबाँ तो पराए बने सगे
मुश्किल से वक्त में कहाँ किसकी बाँह है

मन भटक के अक्सर तन्हाई से जा मिले
जब सूझती और दिखती कोई न राह है

रिश्तों की बाढ़ आए मुमकिन कहाँ है अब
वक्त और मैं कहाँ कोई शारजाह हैं
**-सिद्धार्थ गोरखपुरी**



## जॉब्स-

1. आरआरबी, पद असिस्टेंट लोको पायलट, पद संख्या 5696, अंतिम तिथि 19 फरवरी 2024
2. राजस्थान हाई कोर्ट जोधपुर, पद जूनियर पर्सनल असिस्टेंट, पद संख्या 30, अंतिम तिथि 9 मार्च 2024
3. आरएसएमएसएसबी, पद एनिमल अटेंडेंट, पद संख्या 5934, अंतिम तिथि 17 फरवरी 2024
4. स्टाफ सिलेक्शन कमिशन, पद सिलेक्शन पोस्ट 12, पद संख्या घोषित नहीं, अंतिम तिथि 28 फरवरी 2024
5. डीएसएसएसबी, पद नर्सिंग ऑफिसर पैराकेमिस्ट व अन्य, पद संख्या 1896, अंतिम तिथि 8 मार्च 2024
6. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद टीजीटी संस्कृत एजुकेशन, पद संख्या 347, अंतिम तिथि 6 मार्च 2024
7. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद प्रोगामर, पद संख्या 216, अंतिम तिथि 1 मार्च 2024
8. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद व्याख्याता संस्कृत शिक्षा विभाग, पद संख्या 52, अंतिम तिथि 29 फरवरी 2024

## बॉलीवुड चटकारा



# प्रोड्यूसर पूछेंगे तो मैं...एनिमल फिल्म के हिट होने के बाद फीस बढ़ाने की खबर पर बोलीं रश्मिका मंदाना

रश्मिका मंदाना उन स्टार्स में से हैं जो सोशल मीडिया पर खुद को लेकर आ रही खबरों पर रिएक्ट जरूर करती हैं। अब एक्ट्रेस ने बढ़ती फीस की खबर को लेकर अपना जवाब दिया है। संदीप रेड्डी वांगा की ना सिर्फ फिल्म एनिमल बल्कि इसकी स्टार कास्ट भी काफी चर्चा में है। फिल्म में रणबीर कपूर के साथ रश्मिका मंदाना लीड रोल में थीं। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने जबरदस्त कमाई की है और अब खबर आ रही है कि इस फिल्म की सक्सेस के बाद से रश्मिका ने अपनी फीस बढ़ा दी है। एक्ट्रेस का अब इस पर रिएक्शन आया है। बताते हैं आपको उन्होंने क्या कहा।

**बढ़ती फीस की खबर पर क्या बोलीं**-एक पोर्टल ने लिखा कि रश्मिका ने एनिमल की सक्सेस के बाद अपनी फीस बढ़ा दी है और अब वह फिल्म एक फिल्म के लिए 4-4.5 करोड़ ले रही हैं। इस पर रश्मिका ने जवाब दिया, कौन कह रहा है। यह सब देखने के बाद लगता है कि मुझे इस बारे में सोचना चाहिए। अगर मेरे प्रोड्यूसर पूछेंगे क्यों फीस बढ़ानी है तो मैं कहूंगी कि मीडिया कह रही है सर। मुझे उनकी बातें माननी चाहिए शायद...क्या करूं अब?

**संदीप का दिया साथ**-बता दें कि एनिमल फिल्म को लेकर काफी विवाद भी हुए। कुछ लोगों को फिल्म पसंद नहीं आई है। पिछले साल रिलीज हुई इस फिल्म के खिलाफ अब भी लोग कमेंट कर रहे हैं। वहीं रश्मिका से जब इस बारे में बात की गई थी तो उन्होंने संदीप को सपोर्ट कर कहा था, 'संदीप का ऐसा है कि यह स्टोरी मैं सबको बताना चाहता हूं और वह उस पर ही खड़े रहते हैं। वह लोगों के कहने पर कुछ नहीं बदलते। मुझे यही बात उनकी पसंद है। मुझे लगता है संदीप को आगे भी ऐसा ही रहना चाहिए।'
**अपकमिंग फिल्में**-एनिमल के बाद अभी रश्मिका के पास कई फिल्में हैं जो रिलीज के लिए तैयार हैं जैसे पुष्पा 2 जिसमें अल्लू अर्जुन उनके साथ लीड रोल में हैं।

# शादी से पहले बेबी शावर की तैयारी करने लगीं नागिन फेम सुरभि चंदना, अगले महीने लेंगी सात फेरे

सुरभि चंदना ने इश्कबाज फेम नेहालक्ष्मी अय्यर की बैचलर पार्टी की कई तस्वीरें शेयर कीं। इसके साथ उन्होंने कुछ ऐसा लिखा कि यूजर्स चौंक गए। नागिन फेम सुरभि चंदना ने अपने लेटेस्ट पोस्ट से सभी को चौंका दिया। उनके फैन्स को तो पता है कि वह जल्द ही शादी करने वाली हैं लेकिन उन्होंने बेबी शावर की भी तैयारियां शुरू कर दी हैं। यह बात उन्होंने अपनी करीबी दोस्त नेहालक्ष्मी अय्यर की बैचलर पार्टी की तस्वीरों को शेयर करते हुए बताया। नेहालक्ष्मी को लोग इश्कबाज शो सो जानते हैं। वह अपने ब्वॉयफ्रेंड रुद्रांश जोशिल के साथ 22 फरवरी को शादी करने जा रही हैं। उससे पहले उन्होंने एक बैचलर पार्टी का आयोजन किया। **दोस्तों संग की मस्ती**-सुरभि ने पार्टी की कई तस्वीरें शेयर की हैं जिसमें वो गर्ल गैंग के साथ मस्ती कर रही हैं। इस मौके के लिए ड्रेस कोड पिंक कलर रखा गया। नेहा ने ब्लैक कलर की ड्रेस पहनी है। होने वाले दूल्हे रुद्रांश ने मैचिंग आउटफिट पहना है। सुरभि ने बताया कि इश्कबाज की टीम के साथ किस कदर की बॉन्डिंग है। शो के खत्म होने के बाद भी उनकी दोस्ती बरकरार है। उन्होंने यह भी बताया कि नेहालक्ष्मी की शादी के बाद उनकी शादी है। **बेबी शावर के बारे में बताया**-सुरभि लिखती हैं, हमारे ग्रुप की सेकेंड लास्ट शादी नेहाल्क्ष्मी की है जिसे सेलिब्रेट करने के लिए हैं। पूरी रात सिर्फ प्यार, क्रेजी हंसी, थोड़े आंसू, डांस से फ्लोर पर धमाल मचा दिया। सेलिब्रेशन के शॉट्स। एक दूसरे के लिए शुभकामनाएं। हमने इस ग्रुप को बनाए रखने की हमेशा कोशिश की। उस बॉन्ड के लिए जो मजबूत बना हुआ है। नोट- शादी के बाद एक दूसरे के बेबी शावर में शामिल होंगे। **मार्च में करेंगी शादी**-सुरभि अपने लॉन्गटाइम ब्वॉयफ्रेंड संग सात फेरे लेंगी। दोनों 13 साल से एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक मार्च 2024 में वह शादी करने वाली हैं। अभी तक उन्होंने शादी की तारीख का ऐलान नहीं किया है।



मोटापे से लड़ने के लिए वजन घटाने की चाहत में कई लोग क्रैश डाइट का सहारा लेते हैं। लेकिन विशेषज्ञ मानते हैं कि पोषण के महत्व को नकारा नहीं जा सकता।मोटापा एक मेटाबॉलिक रोग है, जो अब महामारी में बदल चुका है। मोटापे के आंकड़ों में तेजी से वृद्धि ने इसे कुपोषण से भी बड़ी समस्या बना दिया है।



# मोटापे को हराना है?

## तो वेट लॉस से जुड़े कुछ भ्रमों को तोड़े

मोटापे से लड़ने के लिए वजन घटाने की चाहत में कई लोग क्रैश डाइट का सहारा लेते हैं। लेकिन विशेषज्ञ मानते हैं कि पोषण के महत्व को नकारा नहीं जा सकता।मोटापा एक मेटाबॉलिक रोग है, जो अब महामारी में बदल चुका है। मोटापे के आंकड़ों में तेजी से वृद्धि ने इसे कुपोषण से भी बड़ी समस्या बना दिया है। यह न केवल वयस्कों, बल्कि बच्चों और किशोरों में भी विकलांगता और पुरानी जटिलताओं का एक प्रमुख कारण बन गया है। लेकिन आप अपने खान-पान और रहन-सहन की आदतों में स्थायी बदलाव करके इससे लड़ सकते हैं।बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) के अनुसार मोटापे की गणना और ग्रेडिंग की जाती है। जिसका अर्थ है कि 30 किग्रा / एम 2 से अधिक को मोटापे के रूप में वर्गीकृत किया गया है।मोटापे के इलाज के लिए उचित दृष्टिकोण और स्वास्थ्य देखभाल पर्यवेक्षण की जरूरत होती है। अपना एक गोल निर्धारित करना और उपचार के अनुरूप होने से इस बीमारी से लड़ा जा सकता है। मोटापा अस्वास्थ्यकर जीवनशैली और खाने की आदतों और कभी-कभी अनुवांशिकी का परिणाम हो सकता है। वजन के बावजूद, मोटे लोगों में सूक्ष्म पोषक तत्वों (जैसे विटामिन, खनिज) के साथ-साथ मैक्रोन्यूट्रिएंट्स (कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन) की कमी होती है। यह विटामिन, फाइबर और प्रोटीन से अधिक वसा और कार्बोहाइड्रेट की अत्यधिक या अनुपातहीन खपत के कारण होता है। कभी-कभी, वजन घटाने की चाहत में, लोग आहार में बदलाव करते हैं, जो वास्तव में शरीर की पोषण की आपूर्ति बाधित कर सकता है।तो, एंटी ऑबेसिटी दिवस पर, आइए हम कुछ पोषण संबंधी मिथ्स का भंडाफोड़ करें, जिनका पालन लोग अपने वजन घटाने के दौरान करते हैं।



**मिथ :** पोषण के लिए अधिक कैलोरी का सेवन करें

**फैक्ट:** मेवा, फलियां, और जटिल कार्बोहाइड्रेट में पोषण होता है, लेकिन यह आपके शरीर में कैलोरी को जरूरत से ज्यादा बढ़ा सकता है। इसलिए, ज्यादा फैट या कैलोरी का उपभोग किए बिना, पोषण प्राप्त करने के लिए इनकी खपत को व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने की जरूरत है।

**मिथ : वजन घटाने के लिए कम खाएं**

**फैक्ट :** अधिकतर अधिक वजन वाले/मोटे लोग वजन कम करने के लिए कम खाने पर विचार करते हैं। हालांकि, एक बार में भारी भोजन करने से न केवल आपके कुल कैलोरी की मात्रा बढ़ जाती है, बल्कि चीनी, नमक और कार्बोहाइड्रेट के लिए भी इच्छा बढ़ जाती है। जिससे स्नैकिंग और प्रसंस्कृत भोजन का सेवन करना आसान हो जाता है। लगातार कैलोरी की मात्रा के साथ छोटे-छोटे भोजन मेटाबॉलिज्म में सुधार, शर्करा के स्तर को बनाए रखने में मदद करते हैं, और खराब खाने की ओर नहीं ले जाते हैं।

**मिथः** वजन कम करने के लिए मैक्रोन्यूट्रिएंट्स से बचें

**फैक्ट्स :** ज्यादातर लोग सोचते हैं कि कार्बोहाइड्रेट के सेवन से वजन बढ़ता है। जबकि अत्यधिक कैलोरी के सेवन से वजन बढ़ता है। ऊर्जा उत्पन्न करने और सक्रिय रहने के लिए कार्बोहाइड्रेट की आवश्यकता होती है। ऊर्जा प्राप्त करने और बहाल करने के लिए पर्याप्त मात्रा में जटिल कार्बोहाइड्रेट का सेवन किया जाना चाहिए।

**मिथः प्रोटीन के सेवन पर ध्यान दें**

फैक्ट्स- ज्यादातर लोग सोचते हैं कि केवल प्रोटीन और वसा खाने से वजन कम हो सकता है, लेकिन प्रोटीन भी अतिरिक्त कैलोरी देता है। उम्र के साथ शरीर के लिए प्रोटीन की मांग बढ़ जाती है, लेकिन उच्च प्रोटीन आहार का किडनी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसका पालन केवल पर्यवेक्षण के तहत किया जाना चाहिए।

# इंडियन कुकिंग के लिए अब भी बेस्ट है सरसों का तेल

कुकिंग ऑयल ढूंढते हुए क्या आपने में भी दक्षिण एशिया से लेकर दक्षिण अफ्रीका तक की वनस्पतियां खंगाल डाली हैं? तो लौट आइए, क्योंकि आपकी रसोई के लिए अब भी सरसों का तेल है सर्वोत्तम तेल।बाज़ार की कृपा है कि अब हम दर्जन भर तेल अपने घर ले आए हैं। कोई सलाद की ड्रेसिंग के लिए, कोई हम्मस के लिए, तो कोई सब्जी में छौंक लगाने के लिए। पर कभी सोचा है कि इनमें से कौन सा तेल है जो भारतीय व्यंजनों की विविधतापूर्ण जरूरतों को पूरा कर सके? तो इसका सीधा सा जवाब है सरसों का तेल। जी हां, आज भी इंडियन कुकिंग के लिए मस्टर्ड ऑयल बेस्ट माना जाता है। जानिए क्यों हमारी मां, दादी और नानी हमेशा सरसों के तेल पर ही भरोसा करती आई हैं।

**विविध जरूरतें पूरी कर सकता है सरसों का तेल**-भारतीय घरों में खाना पकाने के लिए तरह-तरह के तेलों का इस्तेमाल किया जाने लगा है, लेकिन सरसों का तेल शुरू से ही भारतीय घरों की रसोई में एक अहम स्थान रखता है। रायता में हल्का छौंक लगाना हो या



अचार डालने हों, हमारी मां और उनकी मां हमेशा सरसों के तेल पर ही भरोसा करती हैं। दरअसल सरसों का तेल बाकी तेलों के मुकाबले ज्यादा गाढ़ा होता है। इसकी खुशबू काफी तीखी होती है और स्वाद भी काफी मजबूत होता है। इन्हीं कारणों के चलते लोग सरसों के तेल से दूरियां बनाने लगे हैं। लेकिन यकीन मानिए भारतीय खाना बनाने के लिए सरसों का तेल एक बेहतरीन विकल्प है।

**1 एंटी-माइक्रोबियल गुणों से भरपूर**-सरसों के तेल में यह क्षमता होती है, कि वह बैक्टीरिया के एक खास प्रकार का विकास होने से रोक सकता है। इतना ही नहीं यह तेल किसी भी प्रकार के संक्रमण को रोकने की भी क्षमता रखता है। इसलिए सरसों के तेल का सेवन अवश्य करना चाहिए। सरसों का तेल बैक्टीरिया के प्रभावों को निष्क्रिय करने के तौर पर भी जाना जाता है। साथ ही यह शरीर में उसकी वृद्धि को रोकने में भी मदद करता है।

**2 दिल की सेहत के लिए है फायदेमंद** -दिल की बीमारियों के पीछे एक मुख्य कारण हमारी खराब जीवनशैली भी है, जो हमारे हृदय को कई प्रकार से नुकसान पहुंचाती है। जबकि सरसों का तेल दिल की सेहत के लिए भी फायदेमंद हो सकता है। वनस्पति तेल मोनोसैचुरेटेड फैटी एसिड से भरा होता है।

खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

**अति आवश्यक सूचना**

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# भाजपा के नए आत्मविश्वास का गणित

सतरहवीं लोकसभा के आखिरी सत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह कहकर आम चुनाव का शंखनाद कर दिया है कि भारतीय जनता पार्टी को 370 और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 400 से ज्यादा सीटें आएंगी। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री तीसरे कार्यकाल को लेकर काफी आश्वस्त दिख रहे थे, साथ ही उन्होंने विपक्ष पर खूब हमले भी किए। हालांकि, विपक्ष को घेरने के बजाय यदि वह अपनी सरकार के रिपोर्ट-कार्ड को ज्यादा वक्त देते, तो ज्यादा अच्छा होता। वह बता सकते थे कि बीते


राम गोपाल सैनी

पांच या दस वर्षों में किन-किन मोर्चों पर उनकी सरकार ने क्या कुछ हासिल किया, किन-किन मोर्चों पर उनको मुश्किलें पेश आईं, उनका सामना उन्होंने किस तरह से किया और अगले पांच या दस साल वह सत्ता में बने रहते हैं, तो उनका दृष्टिकोण क्या होगा? ऐसा नहीं है कि उन्होंने इन मुद्दों पर बात नहीं की, जैसा विपक्ष का आरोप है, लेकिन उन्होंने ज्यादा समय विरोधी दलों पर खर्च किए, यह बात भी सही है।बहरहाल, सवाल यह है कि क्या प्रधानमंत्री ने सीटों का जो आकलन किया है, वह सिर्फ इस बात का संकेत है कि भाजपा अपने तीसरे कार्यकाल को लेकर पूरी तरह आश्वस्त है या वह उन अटकलों पर भी विराम लगाना चाहते हैं, जिनमें कहा जा रहा है कि एकजुट विपक्ष उनको चुनौती दे सकता है? सवाल यह भी है कि क्या भाजपा को अकेले 370 सीटें आ सकती हैं?सबसे पहली बात, कोई नेता अपनी पार्टी के बारे में बढ़-चढ़कर ही बोलता है। छोटे-छोटे दल के नेता भी यह नहीं कहते कि चुनाव में उनको हार का सामना करना पड़ सकता है या उनकी सीटें कम आ रही हैं। संभवतः इसलिए सोमवार को सदन में 370 का नंबर दिया गया हो सकता है, ताकि लोगों को लगे कि भाजपा भारी बहुमत के साथ लौट रही है। मगर प्रधानमंत्री की इस संख्या के पीछे आखिर क्या गणित है? भारतीय राजनीति में किसी एक दल द्वारा 370 लोकसभा सीटें जीतना कोई मामूली बात नहीं है। यह बेहद मुश्किल लक्ष्य है, पर नामुमकिन भी नहीं। इससे पहले कांग्रेस 1957 और 1984 के आम चुनावों में यह कारनामा कर चुकी है। फिर 2014 और 2019 के चुनाव नतीजों को देखकर 370 सीटें जीतने के कयास गलत नहीं जान पड़ते। उल्लेखनीय है कि 2014 के चुनाव में किसी ने नहीं सोचा था कि कोई एक दल बहुमत के साथ लोकसभा पहुंचेगा, क्योंकि बीते ढाई दशकों में ऐसा नहीं हुआ था। और, 2019 में यह नहीं सोचा गया था कि भाजपा 272 सीटों के अपने आंकड़े को पीछे छोड़कर 300 पार कर जाएगी।प्रधानमंत्री मोदी के इस विश्वास की दो बड़ी वजह हो सकती है। पहली, साल 2023 के विधानसभा चुनावों में भाजपा ने शानदार जीत दर्ज की है। विशेषकर मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ का परिणाम तो कल्पना से भी बाहर था। दूसरी वजह, रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा ने लोगों में एक नए जोश का संचार किया है। अंतरिम बजट में ही जिस तरह से आने वाले कुछ महीनों को लेकर नीतियों का एलान किया गया है, वह संकेत है कि भाजपा अपनी जीत को लेकर काफी आश्वस्त है।भाजपा इसलिए भी किसी अनिश्चय में नहीं है, क्योंकि जिस विपक्षी एकता की बात 2023 के मध्य से चल रही थी, उसमें दरार पड़ती दिख रही है। तमाम विपक्षी पार्टियां अपने-अपने ढंग से चुनाव लड़ने को तैयार हैं और कांग्रेस से उनकी खींचतान चल रही है। फिर, जहां-जहां भारतीय जनता पार्टी के लिए मुश्किलें खड़ी हो सकती थीं, वहां पार्टी ने अपने अनवरत प्रयासों से खुद को मजबूत बना लिया है, फिर चाहे वह महाराष्ट्र हो या बिहार।यह बात स्पष्ट है कि आम चुनाव यदि राज्य-दर-राज्य होते हैं, यानी राज्य के मुद्दे हावी होते हैं और राष्ट्रीय मसले गौण रहे, तो भाजपा के लिए मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं, लेकिन यदि पूरा चुनाव राष्ट्रीय मुद्दों पर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर केंद्रित हो जाए, तो भाजपा को वहां भी सफलता मिलने का भरोसा हो सकता है, जहां वह कमजोर स्थिति में है।फिलहाल भाजपा यही चाह रही होगी कि उत्तर और पश्चिम के राज्यों में, जहां उसका सीधा मुकाबला कांग्रेस से है, और उत्तर प्रदेश व बिहार में, जहां कुछ क्षेत्रीय पार्टियां भी हैं।



# कैफे मेट्रो 5 में हुआ अपना घर वृद्ध आश्रम के वृद्धजनों का सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)।** गुलाबी नगर जयपुर के व्यास मार्ग, राजा पार्क स्थित कैफे मेट्रो 5 में आज 'अपना घर' वृद्ध आश्रम के लोगों का मान सम्मान किया गया । मान सम्मान के रूप में सभी वृद्धजनों को माला और शाल ओढ़ाई गई ।

समाजसेवी अंजुला जैन ने अपने परिवार सहित अपने जन्मदिन को सभी वृद्धजनों के बीच सेलिब्रेट किया। इस दौरान विभिन्न गेम्स, भजन, कीर्तन और भोजन प्रसादी का भी आयोजन किया गया । कार्यक्रम संयोजक और समाजसेवी मंजीत अरोड़ा ने बताया कि हर वर्ष की भांति आज भी 'अपना घर' वृद्ध आश्रम के बुजुर्गों का मान सम्मान किया गया और सभी से आशीर्वाद लिया। सम्मान पाकर सभी के चेहरे खिले हुए नजर आ रहे थे ।

गौरतलब है कि मंजीत अरोड़ा करीब 8 वर्षों से बुजुर्गों की सेवा हेतु अपना घर वृद्ध आश्रम में सेवाएं दे रही हैं । इस दौरान कैफे मेट्रो 5 के ओनर अनमोल सिंह अरोड़ा, शालू वाधवानी, उषा धीर, दीपा सप्रा, शिप्रा ढींगरा, पूनम, सोनिया,संदीप शर्मा आदि ने इस दौरान सेवाएं दी ।

# कवि कृष्ण कुमार सैनी ने अनजान व्यक्ति के लिये रक्तदान कर दिया मानवता का संदेश

**दौसा (हमारा वतन)।** श्री रामकरण जोशी राजकीय जिला चिकित्सालय में भर्ती मरीज महेन्द्र कुमार मीना के हीमोग्लोबिन की मात्रा दो यूनिट ही रह गई थी जिससे उनकी तबीयत बिल्कुल खराब हो गई थी। चिकित्सकों ने उन्हें तुरंत रक्त चढ़ाने के लिए बोला। मरीज के परिजनों में से कोई भी रक्त देने के लिए सक्षम नहीं था। इस दौरान मरीज के परिजनों का संपर्क अस्पताल में कार्यरत फार्मेसी स्टाफ कपिल सिंह चौहान से हुआ। उन्होंने माँ सरस्वती ब्लड डोनेशन टीम के संस्थापक रामकेश मीना से ब्लड डोनेट की बात कही।




रामकेश मीना ने माँ सरस्वती ब्लड डोनेशन टीम के सदस्य व दौसा की रसोई के सहयोगी कवि कृष्ण कुमार सैनी को रक्तदान करने का निवेदन किया। इस पर वे निःसंकोच जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक पहुंचकर अनजान मरीज के लिये रक्तदान कर जीवनदान दिया और मानवता का फर्ज निभाया।

सैनी ने रक्तदान करते हुये बताया कि हर स्वस्थ व्यक्ति को अपने जीवन में रक्तदान करना चाहिये। फार्मेसी स्टाफ कपिल सिंह चौहान ने बताया कि हमारे द्वारा अब तक इस मरीज के लिए तीन यूनिट की व्यवस्था करवा दी गई है और आगे भी इसको जितना रक्त चाहिए, वह हमारी टीम द्वारा हम उपलब्ध करवाएंगे। इस दौरान अजय शर्मा ,रक्तदाता रामकेश मीना, रवि कुमार मीना सहित ब्लड बैंक स्टाफ व भर्ती मरीज के परिजन उपस्थित रहे।




## हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स द्वारा ध्रुपद, गुरूपद निपुण प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

**उदयपुर (हमारा वतन)।** हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स राजस्थान, जिला सचिव मदन लाल वर्मा शिविर संचालक ने बताया कि प्रदीप मेघवाल सहायक राज्य संगठन आयुक्त उदयपुर संभाग के निर्देशन में ध्रुपद, गुरूपद निपुण प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किंजल पब्लिक स्कूल लुणदा भींडर में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों के स्काउट गाइड भाग ले रहे हैं।



शिविर में जिले की जिला ऑर्गेनाइजर गाइड शांता वैष्णव दक्ष प्रशिक्षक, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पर कोटडा से ब्लॉक सेक्रेटरी तुलसी चडात, स्कूल शिक्षा परिवार जिला अध्यक्ष उदयपुर ग्रामीण दिलीप आमेटा, वल्लभनगर भिंडर ब्लॉक में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने वाले सुनील महेश्वरी, गोपाल लाल मेहता शारीरिक शिक्षक गंधोली अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

शिविर में दक्ष ट्रेनिंग काउंसलर शिवराज प्रजापत, कमल यादव के द्वारा बच्चों के मार्गदर्शन हेतु एडवेंचर्स और पायनियरिंग प्रोजेक्ट तैयार किये जा रहे।

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
सहायक सम्पादकः राकेश तिवाड़ी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमू शहर होगा